आर्किमिडीज का स्नान-टब

आर्किमिडीज का स्नान-टब

मिस्टर आर्किमिडीज के स्नान-टब
में से पानी हमेशा बाहर बहता था.

और मिस्टर आर्किमिडीज़ को गिरे हुए पानी को साफ करना पड़ता था.

"क्या कोई मुझे बता सकता है कि वो सारा पानी कहाँ से आया?"

मिस्टर आर्किमिडीज़ ने यह पता लगाने का निर्णय लिया.

फिर उन्होंने स्नान-टब में बस थोड़ा सा पानी डाला

जैसा कि वो हमेशा करते थे,

और इस बार उन्होंने पानी की गहराई को मापा.

लेकिन पानी का स्तर बढ़ गया.

"यह सब पानी कहाँ से आया?" मिस्टर आर्किमिडीज़ चिल्लाए.

"मुझे नहीं पता," कंगारू ने कहा.

"वो मेरी गलती नहीं है," बकरी ने कहा.

"मैंने ऐसा नहीं किया," छोटे भालू ने कहा.

लेकिन जब मिस्टर आर्किमिडीज ने दुबारा मापा,
तो उन्होंने पाया कि पानी नीचे चला गया था.
मिस्टर आर्किमिडीज़ हैरान थे.
"कोई तो यह ज़रूर कर रहा होगा," वो चिल्लाए.
"पर पानी कहाँ गया?"

"हो सकता है कि यह तुम्हारे ही कारण हो रहा हो, कंगारू.
तुम बाहर रहो और हम देखेंगे कि क्या फिर से वही होता है."

जब मिस्टर आर्किमिडीज ने इस बार मापा,

तो उन्होंने पाया कि पानी फिर से नीचे चला गया था.

"अब हम देखेंगे जब बकरी बाहर रहेगी तो क्या होगा?"

फिर से पानी का स्तर बढ़ गया. अब दोष देने के लिए

केवल छोटा भालू ही बचा था.

मिस्टर आर्किमिडीज गुस्से में थे.

"तुम स्नान-टब से बाहर निकलो और बाहर ही रहो," वो चिल्लाए.

लेकिन फिर वही हुआ.

अगर कंगारू नहीं, बकरी नहीं, और छोटा भालू नहीं

तो फिर इसका जिम्मेदार कौन हो सकता था?

क्या मिस्टर आर्किमिडीज उसके ज़िम्मेदार हो सकते थे?

फिर दोस्तों ने फैसला किया कि मिस्टर आर्किमिडीज को अकेले ही स्नान करना चाहिए. वो टब में अंदर बैठे.

और फिर से पानी का स्तर उठ गया.

जब वो बाहर निकले तो फिर पानी का स्तर गिर गया. अब पानी का स्तर वही था जितना मिस्टर आर्किमिडीज ने टब में भरा था.

उससे मिस्टर आर्किमिडीज़ इतने उत्साहित हुए कि वो लगातार टब के पानी में अंदर-बाहर, छलांग लगाते रहे.

"यूरेका!"

"मैंने ढूंढ निकाला है, मैंने ढूंढ निकाला है!" वो चिल्लाए.

"अब सभी दोस्तों, टब में कूदो!“ और उसके बाद स्नान-टब में से पानी फिर से बाहर बहने लगा.

"देखो," मिस्टर आर्किमिडीज ने कहा.

"देखो हम लोग पानी का स्तर ऊपर उठा रहे हैं.

इस स्नान-टब में हम बहुत सारे लोग हैं, बस इतनी सी बात है!"

उस रात सब दोस्तों ने मिलकर बहुत मस्ती की.
वो टब में अंदर-बाहर कूदते रहे और पानी के स्तर को
ऊपर-नीचे करते रहे. इस बार उन्होंने फर्श पर पहले से भी
ज़्यादा पानी फैलाया.

समाप्त